बाबा हरदेव सिंह जी ने जनहित एवं परोपकार के लिए जीना सिखाया
समर्पण दिवस समारोह में पूज्य जोगिंदर मनचंदा जी का प्रतिपादन
विश्व भर में मनाया गया बाबा हरदेव सिंह जी का द्वितिय स्मृति दिन

नवी मुंबई, 14 मई, 2018: “सद्‌गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने जनहित एवं परोपकार में जीवन जीना सिखाया और खुद परोपकारी जीवन जी कर दिखाया”|

यह प्रतिपादन संत निरंकारी मंडल के कार्यकारिणी सदस्य पूज्य श्री जोगिंदर मनचंदा जी ने किया | ऐरोली, नवी मुंबई में एमआयडीसी के नॉलेज पार्क के विशाल मैदानों में बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के द्वितिय स्मृति दिन के उपलक्ष्य में रविवार, दि. 13 मई, 2018 को आयोजित विशाल “समर्पण दिवस” समारोह में मुंबई, नवी मुंबई, मुंबई उपनगर, ठाणे, पनवेल, उरण, उल्हासनगर एवं मिरा-भायंदर इलाके से हजारों की संख्या में आये हुए श्रद्धालु भक्तों को वे सम्बोधित कर रहे थे |

पूज्य मनचंदा जी ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी का समर्पण अप्रैल, 1980 से ही शुरु हुआ जब से उन्होंने अत्यंत असाधारण परिस्थिति में संत निरंकारी मिशन की बागडोर संभाली | ब्रह्मज्ञान की ज्योति हर मानव के दिल में जगाने का महान लक्ष्य उन्होंने सामने रखा था | क्योंकि उन्हें पता था कि आज का इन्सान अज्ञानता के कारण माया के प्रभाव में फंस कर दु:खी जीवन जी रहा है और इन दु:खों से बचने का एक मात्र साधन ब्रह्म ज्ञान है | यह सत्य का उजाला चारों ओर फैलाना ही सबसे बड़ा परोपकार है |

Rev. Joginder Manchanda, Executive committee member, Sant Nirankari Mandal, Delhi,
addressing a mammoth gathering at the Samarpan Diwas Spiritual Conclave organized by Sant Nirankari Mandal, Mumbai Zone
at MIDC Knowledge Park Ground, Thane-Belapur Road,Airoli, Navi Mumbai on 13th May 2018,
to commemorate the 2nd death anniversary of Satguru Baba Hardev Singh Ji Maharaj.

आपने आगे कहा कि एक तरफ आध्यात्मिक जागरुकता द्वारा रुहों का उद्धार करते हुए दुसरी तरफ बाबा जी ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान जैसी अनेक कल्याणकारी गतिविधियां चलाई जिसका प्रभाव आज देश-दूर देशों में देखने को मिल रहा है |

समागम में अनेक वक्ताओं ने बाबा हरदेव सिंह जी के जीवन एवं सिखलाई पर प्रकाश डाला | गीतकारों ने प्रेरणादायी भक्ति रचनायें प्रस्तुत की | इसके अलावा एक लघु कवि दरबार भी आयोजित किया गया जिसमें हिंदी और मराठी भाषाओं का सहारा लेकर कई कवियों ने बाबा हरदेव सिंह जी के जीवन पर आधारित कवितायें प्रस्तुत की |

Nirankari devotees expressing their thoughts at the Samarpan Diwas Spiritual Conclave organized by Sant Nirankari Mandal, Mumbai Zone at MIDC Knowledge Park Ground, Thane-Belapur Road, Airoli, Navi Mumbai on 13th May 2018, to commemorate the 2nd death anniversary of Satguru Baba Hardev Singh Ji Maharaj.

समर्पण दिवस समारोह में बाबा जी के जीवन पर आधारित एक वीडिओ डॉक्युमेंटरी भी दिखाई गई जिसको देख कर उपस्थित दर्शक अत्यधिक प्रभावित हुए |

इस समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी पधार कर बाबा जी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए | उनमें मुख्य रुप से भूतपूर्व मंत्री माननीय गणेश नाईक जी, भूत पूर्व सांसद माननीय संजीव नाईक जी, माननीय विधायक संदीप नाईक जी एवं स्थानिय नगरसेवक सर्वश्री अनंत सुतार, विजय चौगुले एवं शुभांगी सुतार का समावेश था |

Glimpses of the Samarpan Diwas Spiritual Conclave organized by Sant Nirankari Mandal, Mumbai Zone at MIDC Knowledge Park Ground, Thane-Belapur Road, Airoli, Navi Mumbai on 13th May 2018, to commemorate the 2nd death anniversary of Satguru Baba Hardev Singh Ji Maharaj.

संत निरंकारी मंडल के मुंबई ज़ोन के प्रभारी पूज्य श्री भूपिंदर सिंह चुघ जी ने सरकारी एजन्सियों, स्थानीय प्रशासन एवं श्रद्धालु भक्तों का आभार व्यक्त किया |